## दिनांक 09.07.2019 को एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की परियोजना संचालन समिति (PSC) की आठवीं बैठक का कार्यवृत्त

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना (ILSP) की परियोजना संचालन समिति की आठवीं बैठक दिनांक 09.07.2019 को अपराह्न 06:30 बजे श्री उत्पल कुमार सिंह, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन एवं अध्यक्ष, परियोजना संचालन समिति की अध्यक्षता में मुख्य सचिव सभागार, सचिवालय देहरादून में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थिति का विवरण एवं कार्यवृत्त निम्नवत है:

**उपस्थित सदस्यों /प्रतिनिधि का विवरण :–**

1. प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन श्रीमति मनीषा पंवार।
2. परियोजना निदेशक, UGVS एवं मुख्य परियोजना निदेशक IFAD-ILSP डा0 रंजीत कुमार सिन्हा।
3. परियोजना निदेशक, परियोजना समिति जलागम प्रबन्ध निदेशालय (PS-WMD) श्री कपिल लाल।
4. अपर परियोजना निदेशक, ILSP एवं सचिव, कृषि के प्रतिनिधि डा0 राम बिलास यादव।
5. सचिव, वित्त के प्रतिनिधि, अपर सचिव, वित्त व उद्यान, श्री देवेन्द्र पालीवाल।
6. सचिव, पशुपालन के प्रतिनिधि, अपर सचिव, पशुपालन व मत्स्य, श्री देव कृष्ण तिवारी।
7. अपर सचिव, उद्योग, प्रमुख सचिव, उद्योग के प्रतिनिधि श्री उमेश नारायण पाण्डेय।
8. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उपासक श्री विवेक कुमार उपाध्याय।

**परियोजना के क्रियान्वयन में सहभागी विभाग/बोर्ड व गैर सरकारी संगठन/विशेष आमंत्रित सदस्य**

1. वित्त नियन्त्रक, ILSP देहरादून, श्री जे0सी0जोशी।
2. निदेशक, पशुपालन विभाग, डा0 के0के0जोशी।
3. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ULDP डा0 एम0एस0नयाल।
4. परियोजना प्रबन्धक, IDP/ILSP-ULDP श्री सी0डी0त्यागी।

उपरोक्त के अतिरिक्त परियोजना के प्रबन्धक व अधिकारी गणों द्वारा उक्त बैठक में प्रतिभाग किया गया।

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के मुख्य परियोजना निदेशक, डा0 रंजीत कुमार सिन्हा द्वारा संचालन समिति की आठवीं बैठक में अध्यक्ष महोदय की अनुमति से उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुये एजेन्डा के अनुसार बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। बिन्दुवार बैठक का कार्यवृत्त निम्नवत् है:–

**कार्यसूची PSC: 8.01: एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की परियोजना संचालन समिति की दिनांक 27.04.2018 को आयोजित सातवीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

मुख्य परियोजना निदेशक, IFAD-ILSP डा0 रंजीत कुमार सिन्हा द्वारा अवगत कराया गया कि एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की परियोजना संचालन समिति की सातवीं बैठक मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में दिनांक 27.04.2018 को सम्पन्न हुई। उक्त बैठक का कार्यवृत्त पत्रांक 28/PSC-VII/2018-19 दिनांक 16.05.2018 के माध्यम से सभी सदस्यों को प्रेषित किया गया था। बैठक के उक्त कार्यवृत्त को सुलभ संदर्भ हेतु सदस्यगणों के अवलोकनार्थ एवं पुष्टि हेतु बैठक में प्रस्तुत किया गया।

**सदस्यगणों द्वारा उक्त कार्यवृत्त का अवलोकन कर पुष्टि की गई।**

**कार्यसूची PSC: 8.02 : एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की दिनांक 27.04.2018 को आयोजित परियोजना संचालन समिति की सातवीं बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुपालन की स्थिति।**

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की परियोजना संचालन समिति की दिनांक 27.04.2018 को आयोजित सातवीं बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा इंगित बिन्दुओं पर अनुपालन की स्थिति को मुख्य परियोजना निदेशक द्वारा प्रस्तुत किया।

**सदस्यगण द्वारा अनुपालन की स्थिति से सन्तुष्टि व्यक्त की गई।**

**कार्यसूची PSC: 8.03: एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2018–19 के लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति की स्थिति :–**

सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2018-19 हेतु स्वीकृत वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट (AWPB) रू0 **220.73 करोड** थी, जिसमें रु. 43.58 करोड़ Beneficiary Contribution तथा Bank Finance इत्यादि सम्मिलित है। दिं 29.01.2019 की परियोजना प्रबन्धन समिति की बैठक में समिति द्वारा उक्त AWPB को रू0 228.02 करोड़ हेतु संशोधित कर अनुमोदित किया गया है। उक्त संशोधित AWPB के सापेक्ष 31 मार्च 2019 तक **रु.210.62 करोड़** की प्रगति की गई। उपलब्धियों का घटक व उपघटकवार विवरण निम्न प्रकार है–

( रू0 करोड़ में)

| Component / Sub-Component | AWPB 2018-19 | | |
|---|---|---|---|
| | Target | Total Progress | % |
| **Food Security & Livelihood Enhancement** | 99.16 | 96.47 | 97.29 |
| **Participatory Watershed Management** | 71.24 | 56.41 | 79.18 |
| **Livelihood Finance – UPASaC** | 53.24 | 54.06 | 101.54 |
| **Project Management** | | | |
| Central Project Coordination Unit | 0.73 | 0.42 | 56.75 |
| M&E and KM-UGVS | 2.73 | 2.73 | 100 |
| M&E and KM-WMD | 0.93 | 0.53 | 58.24 |
| **Sub Total** | 4.38 | 3.68 | 84.01 |
| **TOTAL** | 228.02 | 210.62 | 92.36 |

**समिति उपरोक्तानुसार प्रगति से अवगत हुई एवं व्यय अनुमोदित किया गया।**

## कार्यसूची PSC: 8.04: संशोधित वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट वर्ष 2018–19 का कार्योत्तर अनुमोदन।

सदस्यगणों के संज्ञान में लाया गया कि एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2018–19 को रू0 220.73 करोड़ की धनराशि से रू0 228.02 करोड की धनराशि के लिये संशोधन का अनुमोदन परियोजना प्रबन्धन समिति द्वारा दिनांक 29.01.2019 को प्रदान किया जा चुका है तद्नुसार 31 मार्च 2019 तक कार्य किये गये। माह फरवरी एवं मार्च 2019 में लोकसभा के आम चुनाव हेतु आदर्श आचार संहिता लगी होने के फलस्वरूप परियोजना संचालन समिति की बैठक नहीं हो पायी। इस क्रम में कार्योत्तर उक्त संशोधित वार्षिक कार्ययोजना 2018–19 अनुमोदन हेतु निम्नानुसार प्रस्तुत की गई एवं विस्तृत विवरण सदस्यगणों के अवलोकनार्थ एजेण्डा के साथ पृथक से प्रस्तुत किया गया।

| Component | RAWPB 2018-19 | | Financing Plan (Rs.000) | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Sub-Component | Units | Amount (Rs.000) | GoUK & IFAD | Banks | Bene |
| **Food Security & Livelihood Enhancement** | 32004 | 991614 | 945073 | | 46541 |
| **Participatory Watershed Management** | 5635 | 712419 | 663005 | 0 | 49414 |
| **Livelihood Finance - UPASaC** | 10346 | 532429 | 62430 | 500000 | 0 |
| **Project Management** | | | | | |
| Central Project Coordination Unit | 80 | 7396 | 7396 | | |
| M&E and KM-UGVS | 609 | 27218 | 27218 | | |
| M&E and KM-WMD | 197 | 9165 | 9165 | | |
| **Sub Total** | 886 | 43780 | 43780 | 0 | 0 |
| **TOTAL** | 48871 | 2280242 | 1714287 | 500000 | 95955 |

समिति द्वारा उपरोक्तानुसार 228.02 करोड की संशोधित वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2018–19 का अवलोकन कर कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

## कार्यसूची PSC: 8.05: वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट वर्ष 2019–20 का अनुमोदन।

सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए धनराशि रू. 192.20 करोड की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट को परियोजना प्रबन्धन समिति द्वारा अनुमोदित किया जा चुका है जिसकी मुख्य गतिविधियों का विवरण सदस्यगणों के अवलोकनार्थ पृथक से एजेण्डा में प्रस्तुत किया गया एवं संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार प्रस्तुत किया गया:-

| Component | AWPB 2019-2020 | | Financing Plan (000) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Sub-Component | Units | Amount (000) | GoUK | IFAD | Banks | Bene |
| FOOD SECURITY & LIVELIHOOD ENHANCEMENT | 24300 | 1004457 | 109932 | 856391 | | 38134 |
| PARTICIPATORY WATERSHED MANAGEMENT | 4097 | 429253 | 105718 | 300530 | | 23006 |
| LIVELIHOOD FINANCE - UPASaC | 10198 | 429698 | 7088 | 22611 | 390000 | 10000 |
| **PROJECT MANAGEMENT** | | | | | | |
| Central Project Coordination Unit | 121 | 20907 | 3831 | 17075 | | |
| M&E and KM-UGVS | 606 | 28099 | 4536 | 23563 | | |
| M&E and Knowledge Management (WMD) | 258 | 9548 | 3109 | 6439 | | |
| **Sub total** | **985** | **58554** | **11476** | **47078** | | |
| **Grand Total** | **39580** | **1921962** | **234214** | **1226610** | **390000** | **71140** |

सदस्यगणों को यह भी अवगत कराया गया कि भारत सरकार एवं अर्न्तराष्ट्रीय कृषि विकास निधि (IFAD) के मध्य दिनॉक 01.02.2012 को सम्पादित वितीय अनुबन्ध के Schedule-1 Part-II के पैरा 6.2 के अनुसार परियोजना संचालन समिति के द्वारा परियोजना की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट का अनुमोदन किया जाना है।

समिति द्वारा उपरोक्तानुसार रू०192.20 करोड़ की वित्तीय वर्ष 2019–20 की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट का अवलोकन कर प्रस्तावित गतिविधियों का Presentation के माध्यम से जानकारी प्राप्त करने के उपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्यसूची PSC: 8.06:** एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2017–18 के लेखा की वार्षिक अंकेक्षण रिपोर्ट तथा **Balance Sheet** का अनुमोदन।

सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2017–18 में एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की गतिविधयों का ऑडिट CA Firm M/s Ansul Agrawal & Company के द्वारा किया गया। ऑडिट उपरान्त CA Firm M/s Ansul Agrawal & Company द्वारा निर्धारित प्रारूप में Project Financial Statement, आडिट रिपोर्ट तथा आय व्यय खातों सहित बैलेन्सशीट उपलब्ध करायी गयी है। उक्त की प्रति सदस्यगणों के अवलोकनार्थ एजेण्डा के साथ प्रस्तुत की गई।

समिति द्वारा उपरोक्त का अवलोकन कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्यसूची PSC: 8.07: एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए Annual Statutory Auditor के चयन हेतु मुख्य परियोजना निदेशक, ILSP को अधिकृत करने के संबंध में।**

सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2018–19 के ILSP परियोजना के खातों का वर्षिक ऑडिट कराये जाने हेतु Chartered Accountant (CA) Firm का चयन किया जाना है। चयन प्रक्रिया सम्पन कर CA फर्म को चयनित करने के लिए मुख्य परियोजना निदेशक, CPCU-ILSP को समिति द्वारा अधिकृत किया जाना प्रस्तावित है।

**उपरोक्त के कम में समिति द्वारा मुख्य परियोजना निदेशक-ILSP को Annual Statutory Auditor के चयन हेतु समिति द्वारा अधिकृत किया गया।**

उपरोक्त के साथ ही मुख्य परियोजना निदेशक, डा0 रंजीत कुमार सिन्हा द्वारा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सभी सदस्यों तथा उपस्थित प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक सम्पन्न होने की घोषणा की गयी।

(उत्पल कुमार)
मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन एवं
अध्यक्ष, परियोजना संचालन समिति,
एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना–ILSP

(मनीषा पंवार)
प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास,
उत्तराखण्ड शासन एवं
सदस्य, परियोजना संचालन समिति–ILSP

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना (IFAD- ILSP)
केन्द्रीय परियोजना समन्वयन इकाई (CPCU)
(ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन)
216, पंडितवाड़ी, फेज– II, देहरादून, उत्तराखण्ड, दूरभाष 0135–2773800

पत्रांक 21 /PSC-VIII/2019–20 दिनांक 25/07/19

**प्रतिलिपि :– निम्न को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन।
2. प्रमुख सचिव, औद्योगिक विकास, उत्तराखण्ड शासन।
3. प्रमुख सचिव, वन, उत्तराखण्ड शासन।
4. सचिव, जलागम, उत्तराखण्ड शासन।
5. सचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन।
6. सचिव ,पशुपालन, उत्तराखण्ड शासन।
7. सचिव, कृषि व उद्यान, उत्तराखण्ड शासन।
8. प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड।
9. मुख्य परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्ध निदेशालय, देहरादून।
10. परियोजना निदेशक, उत्तराखण्ड जलागम विकास इकाई, जलागम प्रबन्ध निदेशालय, देहरादून।
11. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उपासक।

(डा0 रंजीत कुमार सिन्हा)
मुख्य परियोजना निदेशक, CPCU-ILSP